समाज में स्त्री–पुरुष को लेकर भेदभाव की प्रक्रिया गर्भावस्था से हीलिंग विभेद को अनुभव के द्वारा जानने का प्रयास करते थे। आज भी भारत के कुछ आदिम समाज में परम्परागत विधियों से गर्भपात के तरीकों का प्रामाणिक अध्ययन किया गया है। उदाहरणतः परम्परागत भारतीय समाज में आज भी यह मान्यता है कि यदि गर्भवती महिला के पेट में दाईं तरफ हलचल है तो उसके पुत्र तथा बाईं तरफ हलचल है तो उसके पुत्री पैदा करने की सम्भावना रहती है। इस आधार पर बच्चे को जन्म देता है या नहीं, इस विषय पर भी विचार किया जाता है। इस प्रकार पता चलता है कि गर्भपात को प्रभावित करने वाले कारक बहुविषयक है। जिनमें सास की भूमिका, मां की भूमिका, पति की भूमिका, घर की सामाजिक–आर्थिक स्थिति, समाज – विशेष की मान्यताएं प्रमुख हैं। इन सबके आधार पर किसी एक व्यक्ति को जिम्मेदार ठहराना अनुचित है। क्योंकि एक स्त्री अपने शरीर के महत्वपूर्ण हिस्से को अथवा अपने गर्भ में पल रहे शिशु को नष्ट करने में शारीरिक, मानसिक दबाव के दौर से गुजरती है। अतः यह प्रक्रिया किसी भी सामान्य नारी के लिए अत्यन्त दुःखदायी है। प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने 23 अगस्त को एक भाषण में कहा था ''नारी उत्थान उनके

मनुष्य में लिंग निर्धारण



जन्म से पहले से ही शुरू करना होगा और यह कराई स्वीकार नहीं है कि किसी बेटी की भ्रुण हत्या कराया जाए।''

महिलाओं में महीने के दौरान सामान्यतया एक अंडाणु निकलता है जिसमें X गुणसूत्र पाया जाता है जबकि पुरुषों में दो तरह के शुक्राणु बनते हैं जिनमें X तथा Y गुणसूत्र अलग–अलग शुक्राणुओं में पाए जाते हैं। जब X गुणसूत्र वाला शुक्राणु अंडाणु से निषेचित करता है तो इससे कन्या का जन्म होता है जबकि Y गुणसूत्र वाला शुक्राणु अंडाणु से निषेचन करता है तो पुत्र पैदा होता है। सामान्यतया लड़के तथा लड़कियों का अनुपात समाज में बराबर होता है। यदि किसी परिवार में लड़कियों की संख्या ज्यादा है तो अन्यत्र किसी दूसरे परिवार में लड़कों की संख्या ज्यादा होती है। इस प्रकार प्रकृति लड़के तथा लड़कियों का अनुपात निर्धारित करती है। लेकिन विज्ञान तथा तकनीकी विकास हो जाने के कारण मनुष्य लिंग निर्धारण की प्रक्रिया को अल्ट्रासोनोग्राफी की सहायता से गर्भावस्था में ही जान लेता है। अल्ट्रासोनोग्राफी सबसे आसान, सस्ती तथा अधिकांश जगह उपलब्ध तकनीक होने से आज यह आम लोगों की पसन्द बन गई है। इस तरह यदि गर्भ में कन्या पल रही होती है तो उसका गर्भपात करवा दिया

तालिका –01:– राज्यवार स्त्री–पुरूष अनुपात

क्र.सं	राज्य / केन्द्रशासित क्षेत्र	लिंगानुपात (प्रति हजार पुरूष पर महिलाएं)
1	केरल	1084
2	पांडिचेरी	1038
3	छत्तीसगढ़	991
4	तमिलनाडु	995
5	मणिपुर	997
6	आंध्रप्रदेश	992
7	उड़ीसा	978
8	मेधालय	986
9	हिमाचल प्रदेश	974
10	कर्नाटक	968
11	उत्तरांचल	963
12	गोआ	968
13	लक्षद्वीप	946
14	त्रिपुरा	961
15	झारखण्ड़	947

16	मिजोरम	975
17	असम	954
18	पश्चिम बंगाल	947
19	महाराष्ट	925
20	राजस्थान	928
21	गुजरात	918
22	मध्यप्रदेश	930
23	बिहार	916
24	नागालैण्ड़	931
25	उत्तरप्रदेश	908
26	अरूणाचल प्रदेश	920
27	जम्मू–कश्मीर	883
28	पंजाब	893
29	सिक्किम	889
30	हरियाणा	877
31	अंडमान–निकोबार द्वीप समुह	878
32	दिल्ली	866
33	दादर–नगर हवेली	775
34	चंडीगढ़	818
35	दमन एवं द्वीप	618

जाता है। पहली जनगणना में प्रति हजार पुरुष पर स्त्रियों की संख्या 972 थी, जो वर्ष 2001 जनगणना में घटकर 933 हो गई। गर्भ में लिंग जांच पर रोक लगाने वाले कानून का संशोधित रूप पीसीपीएनडीटी 2002, 14 फरवरी 2003 को देशभर में लागू हो गया है। अधिनियम के उल्लंघन पर दोषी को पांच साल की जेल और एक लाख जुर्माने का प्रावधान है। देश के अपेक्षाकृत समृद्ध पश्चिमी राज्यों – पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात में जहां आर्थिक विकासदर, साक्षरतादर, आदि पूर्वी राज्यों की तुलना में अधिक है पिछली दो जनगणनाओं के मुकाबले लिंग अनुपात में भारी गिरावट आई है, जबकि बिहार, उत्तर प्रदेश पश्चिमी बंगाल, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक आदि राज्य जो सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से अपेक्षाकृत कम समृद्ध है पिछली दो जनगणनाओं के मुकाबले कम गिरावट आई है। इसका ज्वलन्त उदाहरण भारत के कई राज्यों जैसेः हरियाणा, पंजाब, यू.पी., बिहार में लड़कियों की घटती हुई संख्या है जैसा कि तालिका में दर्शाया गया है।

भारत में तेजी से गिरते हुए लिंग अनुपात के पीछे कई धारणाएं जैसे कि यदि लड़की पैदा होती है तो वह घर के छप्पर को भी ले जाती है। विवाह में होने वाला खर्च, दहेज देना, शादी के बाद समय–समय पर ससुराल वालों द्वारा पैसे की मांग आदि समाज में फैली ये प्रथाएं लोगों को बेटी के बजाए बेटा पैदा करने के लिए प्रेरित करती हैं। अगर धीरे–धीरे यही सिलसिला चलता रहा तो प्रकृति द्वारा प्रदत्त मनुष्य के लिंग निर्धारण में असन्तुलन आ जाएगा और इसका परिणाम यह होगा कि मानव–जीवन का अस्तित्व ही खतरे में पड़ जाएगा और यह विलुप्त होती नारियां सरकार एवं समाज के लिए चुनौती बन जाएंगी।

तालिका –2 स्त्री–पुरूष अनुपात

जनगणना वर्ष	स्त्री–पुरूष अनुपात (प्रति हजार पुरूषों पर महिलाएं)
1901	972
1911	964
1921	955
1931	950
1941	945
1951	946
1961	941
1971	930
1981	934
1991	927
2001	933
2011	943
2021	945

समाज में फैली हुई यह धारणा कि लड़की या लड़के का पैदा होना मां पर निर्भर करता है, गलत है। यदि हम इतिहास के पन्नों को उठाकर देखें तो हमे कई ऐसे उदाहरण मिल जाएंगे जिनमें यदि किसी परिवार मे निरन्तर कन्याएं पैदा हो रही थीं तो वह राजा किसी दूसरी स्त्री से विवाह इसलिए करता था कि उसे अपना उत्तराधिकारी मिल सके। लेकिन आज विज्ञान तथा तकनीकी विकास ने यह साबित कर दिया है कि लड़की या लड़के का पैदा होना उसके पिता पर निर्भर करता है, मां पर नहीं । आधुनिक समाज में ऐसी कुरीतियां अभी भी व्याप्त हैं जिनमें कन्या के पैदा होने पर परिवार के लोग खुश नहीं होते। उसके पालन–पोषण में पुत्र जैसा व्यवहार नहीं किया जाता और इस तरह परिवार में जन्मी, पली–बढ़ी कन्या शारीरिक तथा मानसिक तौर पर कमजोर हो जाती है।

अतः यदि हम अपने देश के विकास के प्रति चिन्तित हैं तो सर्वप्रथम हमें समाज में लड़कियों के गिरते हुए अनुपात तथा उनके साथ किए जा रहे भेदभाव पर चिन्तन करना चाहिए। यह एक जघन्य अपराध है। समाज के सभी वर्गों को मिलजुल कर इस बीमारी का निराकरण करना चाहिए। चिकित्सक समुदाय को जागृत कर हमें इस मुहिम को सफल बनाने में अपना योगदान देना होगा। लड़की को समान भाव से समाज में स्थान दिलाना चाहिए तथा वो सारी सुविधाएं जो पुत्र को समाज मे दी जाती हैं, पुत्री को भी मुहैया करानी चाहिए । अन्त में यही कहा जा सकता है कि गर्भस्थ शिशु को मारने में प्रथा पूरे भारतीय समाज के लिए अभिशाप है, इस अविलम्ब बन्द किए जाने की आवश्यकता है।

झारखंड राज्य की राजनीति में महिलाओं की भूमिका

श्री अरुण कुमार,
विभागाध्यक्ष, राजनीति विज्ञान,
सरिया कॉलेज सरिया, गिरिडीह; (झारखंड)
arunsuriya20@gmail.com
Mob 9304399684

भूमिका

झारखंड राज्य के राजनीति में महिला भागीदारी में तीव्र गति से वृद्धि हुई है। राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी ने उनकी चुनौतियां एवं मुद्दों के समाधान करने के लिए यह महिलाएं सक्षम बनी है। जिससे समाज में महिला और पुरुषों के बीच व्याप्त भेदभाव में कमी आई है। राज्य की प्रगति में महिलाएं भी अपनी सराहनीय भूमिका निभा रही है। महिलाएं राजनीतिक भागीदारी में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रही है। इसके लिए आवश्यक कौशल एवं क्षमता निर्माण का विकास हुआ है। आर्थिक व सामाजिक क्षेत्र में भी ये महिलाएं पहले की अपेक्षा सशक्त हुई हैं।

राज्य स्थापना के पश्चात विधानसभा चुनाव तथा आम चुनाव में भी महिला प्रत्याशियों का चुनाव जीतने का प्रतिशत में हमेशा वृद्धि हुई है। राज्य सरकार हो या केंद्र सरकार इन दोनों सरकारों में महिला जनप्रतिनिधि कैबिनेट मंत्री के रूप में भी अपनी भूमिका निभा चुकी है। महिला सशक्तिकरण में पंचायती राज व्यवस्था के तहत महिला आरक्षण का महत्वपूर्ण योगदान है। जिसके कारण आज स्थानीय स्वशासन के चुनाव में पुरुषों की अपेक्षा महिलाएं अधिक सीट पर चुनाव जीतने में सफल रही है।

मुख्य शब्द -**राजनीतिक भागीदारी, सशक्तिकरण, महिला आरक्षण, राज्य के राजनीति**|

राज्य की राजनीति हो या देश की राजनीति। दोनों में महिला-पुरूषों का बराबर की भागीदारी होनी चाहिए। लोकतंत्र की मजबूती के लिए इन दो वर्गों का समर्थन प्राप्त करना आवश्यक है। लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में महिला एवं पुरुष दोनों वर्गों के मतों का महत्व एक बराबर होता है । राजनीति दृष्टिकोण से यहां के नारियों का विशेष योगदान रहा । किसी भी क्षेत्र में हमेशा पुरुष के सामान्य कार्य करने की क्षमता रखता है, किंतु पुरुष के अहम और समाज में अपने प्रधानता के कारण महिलाओं को पुरुष वर्ग के द्वारा दूसरे दर्जे की श्रेणी का मानता है। लेकिन समय के साथ महिलाओं के दायित्वों व भूमिकाओं में भी परिवर्तन हुआ है।कभी घर की चारदीवारी में बंद रहने वाली महिलाएं अब धीरे-धीरे घर से बाहर निकाल कर राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से पुरुषों के साथ मिलकर कार्य कर रही है। जिसके परिणाम स्वरूप झारखंड के राजनीति में महिलाओं की भागीदारी निरंतर बढ़ रही है। 81 विधानसभा वाले एक सदनीय विधान मंडल में निरंतर महिला विधायकों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। झारखंड राज्य की स्थापना 15 नवंबर 2000 ई को बिहार प्रांत के लगभग 46% हिस्से को काटकर बनाया गया । जो भारत का 28 वें राज्य के रूप में भारत के मानचित्र में उभर कर सामने आया। झारखंड की महिलाओं की सामाजिक व राजनीतिक स्थिति बेहतर नहीं थी । राज्य के राजनीति में महिलाओं को पुरुषों की अपेक्षा अत्यंत कम भागीदारी प्राप्त थी । मतदान का प्रतिशत एवं महिलाओं की भागीदारी वोट देने से लेकर प्रत्याशी बनने तक पुरुषों की अपेक्षा काफी कम रही ।

झारखंड के समाज में एक ऐसी वर्ग का निर्माण करती है। जो परंपरागत रूप से प्रताड़ना, उपेक्षा एवं पिछड़ेपन का शिकार रही है । जब संविधान की प्राथमिकताओं के अनुरूप समाज के कमजोर वर्गों को ऊपर उठाने की बात आती है, तो महिला वर्ग इसमें प्रमुख है । जंगलों में निवास करने वाले आदिवासी समुदाय की महिलाएं व ग्रामीण महिलाएं सामाजिक रूढ़ियों, परंपरागत रूप से विद्यमान सामाजिक-आर्थिक असमानतापूर्ण तथा शोषण की सामाजिक स्थिति तथा उसकी स्वतंत्रता की प्रतिबंधित करने वाले परिस्थितियों तथा अशिक्षा को समाप्त किए हुए राजनीतिक अधिकार को स्वतंत्र रूप से प्रयोग तथा राजनीतिक प्रक्रियाओं को विभिन्न चरणों में उनकी सार्थक भागीदारी की कल्पना करना कोरी साबित हुई ।

महिलाओं को शिक्षा के अधिकार से वंचित रखे बिना तथा संवैधानिक प्रावधानों के तहत अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक होने के पश्चात राज्य के राजनीतिक में महिलाओं को सम्मानजनक स्थिति प्राप्त हो रही है । महिला सशक्तिकरण के प्रयास की वजह से महिलाएं आत्मनिर्भरता एवं vkRelEeku प्राप्त करने में सफल हुई है । भारतीय संविधान के संवैधानिक प्रावधान के तहत महिला और पुरुष को एक बराबर अधिकार मिलने तथा अपने हक और अधिकार के प्रति जागरूक होने के वजह से महिलाओं का राजनीतिक में सहभागिता काफी बढी है। लोकतंत्र की सफलता जन सहभागिता पर निर्भर करती है। जन सहभागिता की प्रकृति बहुमुखी होती है। जनता राजनीतिक प्रक्रियाओं में अपनी भागीदारी निभाती है।

लोकतंत्र में जनता कि सहभागिता तभी सार्थक होती है जब जनता लोकतांत्रिक प्रक्रिया के औपचारिक चरणों का निर्धारण करते हैं। अर्थात मतदान में भाग लेने, राजनीतिक क्रियाकलाप में अपनी भागीदारी निभाने ,दूसरे लोगों को वोट देने के लिए प्रेरित करने, राजनीतिक प्रचार, राजनीतिक दल की सक्रिय सदस्यता ग्रहण करना ,राजनीतिक दल के चुनावी रणनीति में भागीदारी निभाने ,राजनीतिक गतिविधियों के लिए चंदा इकट्ठा करना, चुनाव में उम्मीदवारी पेश करना ,दलीय प्रणाली में नेतृत्व का पद ग्रहण करना, राजनीतिक दल के सभाओं, प्रदर्शनों व रैलियां में शामिल होना ,राजनीतिक नेताओं से संपर्क रखना ,राजनीतिक दल को वित्तीय सहयोग देना आदि शामिल हैं। राज्य की स्थापना के पश्चात संपन्न विधानसभा के चुनाव के आंकड़े पर नजर डाला जाए तो महिलाओं का प्रतिनिधित्व विधानसभा में अलग-अलग समय में अलग-अलग स्थिति देखने को मिलता है। राज्य स्थापना के समय कुल 81 विधानसभा सीटों में केवल चार महिलाएं विधायक थी। कोडरमा विधानसभा से अन्नपूर्णा देवी, मनोहरपुर से जोबा मांझी, खिजरी विधानसभा से सावना लकड़ा और पोटका विधानसभा से मेनका सरदार चुनाव जीतने में सफल रहे थी।

झारखंड राज्य अलग होने के बाद पहली बार 2005 में झारखंड विधानसभा का चुनाव हुआ।जिसमें कुल चार महिलाएं ही चुनाव जीतने में कामयाब रही। लिट्टीपाड़ा से सुशीला हांसदा, कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी ,निरसा से अपर्णा सेन तथा मनोहरपुर से जोबा मांझी चुनाव जीती। झारखंड राज्य के दूसरे विधानसभा चुनाव 2009 में संपन्न हुआ जिसमें कुल 8 महिला विधायक बनने में सफल रही झरिया से कुंती देवी , खिजरी से सावना लकड़ा, जगन्नाथपुर से गीता कोड़ा ,जामा से सीता सोरेन,सिसई से गीता श्री उरांव ,कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी, सिमडेगा से विमला प्रधान तथा छतरपुर विधानसभा से सुधा चौधरी चुनाव जीती तथा विधानसभा में अपनी सक्रिय राजनीतिक सहभागिता निभाई।

झारखंड राज्य के निर्माण के बाद संपन्न तीसरी विधानसभा चुनाव 2014 में हुआ। इस चुनाव में 8 महिलाएं विधानसभा से निर्वाचित होने में सफल रहे। जिसमें दुमका से लुईस मरांडी, जामा से सीता सोरेन ,कोडरमा नीरा

यादव, बड़कागांव निर्मला देवी, जगन्नाथपुर गीता कोड़ा, मनोहरपुर जोबा मांझी ,मांडर गंगोत्री कुजूर तथा सिमडेगा से विमला प्रधान शामिल थी।

2019 में झारखंड विधानसभा का चुनाव संपन्न हुआ।इस चुनाव में सबसे अधिक बारह महिलाएं विधायक चुनाव जीतने में कामयाब रही। जामा विधानसभा से सीता सोरेन, महगामा से दीपिका सिंह पांडेय,कोडरमा से डॉ नीरा यादव ,बड़कागांव से अंबा प्रसाद, डुमरी उपचुनाव से बेबी देवी, निरसा से अपर्णा सेनगुप्ता ,झरिया पूर्णिमा नीरज सिंह ,ईचागढ़ सविता महतो ,मनोहरपुर जोबा मांझी, रामगढ़ उपचुनाव सुनीता चौधरी, गांडेय उप चुनाव में कल्पना सोरेन, मांडर उपचुनाव में नेहा शिल्पा तिर्की जीती है। झारखंड के राजनीतिक में यह पहला अवसर है जिसमें एकसदनीय विधानसभा में कुल बारह महिलाएं चुनाव जीतकर एक रिकॉर्ड स्थापित किया है। हालांकि महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम सीट जीत पाती है। जो राज्य के राजनीति में महिलाओं की कम भागीदारी को दर्शाता है।

झारखंड की राजनीति में अब महिला पुरुषों से पीछे नहीं है। झारखंड राज्य के गठन के बाद से ही महिलाओं की भागीदारी बढ़ती ही जा रही है। राज्य में पंचायती राज की स्थापना के बाद तथा महिलाओं के लिए स्थानीय स्वशासन में 50% सीट आरक्षित करने के बाद झारखंड की महिलाएं राजनीतिक रूप से अधिक सशक्त हुई है। वार्ड सदस्य से लेकर सबसे सर्वोच्च पद जिला परिषद अध्यक्ष तक महिलाएं अब चुनकर आ रही है यह महिलाएं राजनीतिक गतिविधियों में अब सक्रिय रूप से अपने भूमिका निभाने के लिए तैयार भी हो चुकी है। ग्राम पंचायत के वार्ड सदस्य से लेकर स्थानीय स्वशासन के सबसे सर्वोच्च पद जिला परिषद अध्यक्ष के पद पर महिलाएं आरक्षण के पश्चात महिलाएं आसीन होने में कामयाब हुई है। ये महिलाएं अब अपने लोकप्रियता एवं कार्य के आधार पर लोकसभा और विधानसभा के चुनाव में भी अपने भाग्य को आजमाने के लिए तैयार है। कई महिलाएं अब सक्रिय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है।वहीं नगरीय निकाय के चुनाव में भी महिलाओं की सहभागिता काफी बढ़ी है। नगर निगम का चुनाव हो या नगर पालिका का।महिलाओं का प्रतिनिधित्व हरेक जगह पहले की अपेक्षा काफी बढा है। चुनाव में मतदान करने वालों में महिलाओं का प्रतिशत पुरुषों की अपेक्षा अधिक है। आंकड़ों के अनुसार अब तक सात महिला बिधायको ने मंत्री पद की शपथ ले चुकी हैं।जिसमें अन्नपूर्णा देवी, लुईस मरांडी, गीताश्री उरांव, नीरा यादव, जोबा मांझी, अपर्णा सेन और बेबी देवी शामिल हैंA

मधुकोड़ा के 2006 से 2008 की सरकार में जोबा माझी और अर्पणा सेन को मंत्री पद मिला था।वहीं रघुवर दास की सरकार में नीरा यादव और लुईस मरांडी को मंत्री पद दिया गया था. 2013 में हेमंत सोरेन सरकार में अन्नपूर्णा देवी और गीताश्री उरांव मंत्री बनी थी। 2019 में गठित हेमंत सोरेन की सरकार में महिलाओं दो कैबिनेट में शामिल किया गया जिसमें जोबा माझी और बेबी देवी शामिल है। झारखंड विधानसभा में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व अब बढ़ता दिखाई दे रहा है. मांडर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी शिल्पा नेहा तिर्की की जीत व गांडेय उपचुनाव मे कल्पना सोरेन के जीतने के साथ ही विधानसभा में महिला विधायकों की संख्या बढ़कर 12 हो गई है,जो कि कुल संख्या का 13 प्रतिशत से अधिक है। राज्य गठन के बाद यह अब तक का सर्वाधिक आंकड़ा है. विधानसभा में कांग्रेस के महिला विधायकों की संख्या सर्वाधिक पांच हो गई है।

दीपिका पांडेय सिंह, ममता देवी, पूर्णिमा नीरज सिंह, अंबा प्रसाद के बाद अब शिल्पा नेहा तिर्की ने महिलाओं की संख्या में इजाफा किया है। झारखंड विधानसभा में झामुमो महिला विधायकों की संख्या तीन है। मंत्री जोबा मांझी के अलावे सीता सोरेन और सविता महतो हालांकि लोकसभा चुनाव के समय सीता सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा

छोड़कर बीजेपी पार्टी का दामन थाम लिया तथा दुमका लोकसभा से अपना भाग्य अजमाई।, विपक्षी दल बीजेपी के महिला विधायकों की संख्या भी तीन है।नीरा यादव, अपर्णा सेन गुप्ता और पुष्पा देवी सदन में महिलाओं का प्रतिनिधित्व पार्टी की ओर से करती हैं। वही झारखंड के संसदीय चुनाव में धनबाद संसदीय क्षेत्र से प्रो रीता वर्मा चार बार लोकसभा चुनाव जीती है ,पूर्व एसपी रणधीर प्रसाद वर्मा की धर्मपत्नी वर्ष 1991 से 2004 तक धनबाद से लगातार सर्वाधिक चार बार सांसद निर्वाचित हुई। जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र से राज्य स्थापना के समय आभा महतो जबकि 2007 में हुए लोकसभा उपचुनाव में सुनील महतो की हत्या के बाद उसकी पत्नी सुमन महतो यहां की सांसद चुनी गई।वहीं कोडरमा संसदीय क्षेत्र से अन्नपूर्णा देवी लगातार दो बार चुनाव जीतने में सफल रही है तथा झारखंड की पहली महिला केंद्रीय कैबिनेट में अपना जगह बनाने में सफल रही है। 2019 के लोकसभा में कोडरमा से महिला सांसद के रूप में चुनी गई। अन्नपूर्णा देवी को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री बनाया गया। वहीं 2024 में पुन: चुनाव जीतने पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास विभाग सौपा गया है। झारखंड में कुल 14 लोकसभा सीट है।जिसमें पांच जनजातियों के लिए आरक्षित है जबकि एक अनुसूचित जाति के लिए सीट आरक्षित है। सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी से गीता कोड़ा 2019 में जीत हासिल की थी। वहीं संसदीय क्षेत्र में 2024 में जोबा माझी सांसद बनने में सफल रही।

एकीकृत बिहार राज्य में झारखंड क्षेत्र से कार्तिक उरांव की पत्नी सुमति उरांव दो बार चुनाव जीती और केंद्र सरकार में मंत्री बनी।वहीं रामगढ़ राजघराने की ललिता राजलक्ष्मी हजारीबाग, धनबाद और औरंगाबाद से लोकसभा का प्रतिनिधित्व की। पलामू लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक चार बार चुनाव जीतने का रिकॉर्ड कमला कुमारी को प्राप्त है। वही खूंटी संसदीय क्षेत्र से सुशीला केरकेट्टा भी चुनाव जीतने में सफल रही थी। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि राज्य के राजनीति में महिलाओं की भूमिका राज्य स्थापना के पूर्व और बाद दोनों कालो में रहा है।

निष्कर्ष - झारखंड राज्य की स्थापना के बाद झारखंड के राजनीति में महिलाओं की स्थिति मिली जुली रही है, लेकिन स्थापना काल से लेकर अब तक राज्य के विधानसभा में महिलाओं के प्रतिनिधित्व की संख्या में वृद्धि हुई है। सबसे अधिक महिलाएं वर्तमान समय में निर्वाचित होकर विधानसभा में पहुंचने में सफल रही है। झारखंड स्थापना के बाद अगर लोकसभा की बात की जाए तो चार संसदीय क्षेत्र धनबाद] कोडरमा, जमशेदपुर, और सिंहभूम संसदीय क्षेत्र से महिलाएं प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। जिसमें सबसे लंबे समय तक धनबाद संसदीय क्षेत्र से प्रो रीता वर्मा शामिल है। केंद्र की राजनीति में कोडरमा संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती अन्नपूर्णा देवी शिक्षा राज्य मंत्री एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री पर आसीन होकर अपनी सराहनीय भूमिका निभा रही है। इससे यह स्पष्ट होता है झारखंड की महिलाएं राजनीतिक में अपनी भागीदारी व सहभागिता बढ़ाने में सफल रही है किंतु सीटों की संख्या के आधार पर इसका प्रतिनिधित्व आज भी कम है। स्थानीय स्वशासन में 50% महिलाओं का सीट आरक्षित करने के बाद महिला प्रतिनिधित्व की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। झारखंड की महिलाएं पहले की अपेक्षा राजनीतिक रूप से अधिक सशक्त हुई है तथा राजनीतिक गतिविधियों में अपनी सकारात्मक भागीदारी निभा रही है।

A STUDY OF RUSTIC LIFE ASPECTS IN SELECTED POEMS OF SITAKANT MAHAPATRA AND JAYANT MAHAPATRA

Sri Rabindra Kumar Mishra
H.O.D.
Sariya College, Suriya
Giridih, Jharkhand
Pin- 825320

Introduction: -

Odisha is a unique state. Odia is spoken in Odisha. It is an Indo-Aryan Language. It is the official language of Odisha and it is also spoken in some parts of Jharkhand, Chattisgarh and West Bengal. It is a constitutionally recognized language of India. It is a classical language on basis of having a long literary history and not having borrowed extensively from other languages. Odia language includes some major dialects like-kataki (Central Odia), Baleswari (Eastern Odia), Sambalpuri (Western Odia), Ganjami (Southern Odia), Sundargadi (North Western Odia), Desia (Koraputi Odia) and some minor Odia dialects like- Singhbhumi Odia, Phulabani Odia, Kalahandi Odia, Debgadi Odia, Medinipuri Odia etc. It has also some tribal dialects and some sociolects. It has its own grammer, follows some grammar parts from Sanskrit grammar. It has its own scripts (Kalinga scripts). The script was developed more than 1000 years before. Originally it was a practice of writing on palm leaves. Sarala Das is one of the ancient poets. His Mahabharata is very famous. There are a large number writers and poets who enriched Odia literature. Some of them are – Upendra Bhanja, Baladev Rath, Radhanath Ray, Madhusudan Rao, Fakir Mohan Senapati, Gangadhar Meher, Gopabandhu Dash, Mayadhar Manasingh, Kuntala Kumari Sabat etc. Some modern Odia writers are – Manoj Das, Gopinath Mohanty, Sachi- Danand Routary. Soubhagya Mishra, Ramakanta Rath, Sitakant Mahapatra, Pratibha Ray, Rajendra Kishore Panda, Jayant Mahapatra etc.
Sitakant Mahapatra is an eminent poet from Odisha who has been awarded the Orissa Sahitya Akademy Award, Jnanpith Award, Padma Bhusan, Padma Vibhus—an,SAARC Literary Award, Tagore Peace Award, Kabeer Samman, etc.

He served as an Indian Administrative Service (IAS) officer from 1961 to 1995. He served as chairman of the National Book Trust (NBT), New Delhi. He has held many prestigious positions like Secretary, Culture, Govt. of India, President, UNESCO's World Decade for Cultural Development, Senior fellow of Harvad University, Honorary fellow of International Academy of poets. He got award of the Highest Honour by Soka University of Tokyo. Some of his works are – Ashtapadi, Shabdara Akasa, Ara Drushya, Shreshtha Kavita, Aneka Sarata Ushavilasha. All these are originally written in Odia and later on translated into many languages including English. His English works are – The Ruined Temple and other poems, Unending Rhythms, Grandmother, Death of Krishna and other poems, The Awakened wind, The oral poetry of the Indian Tribes,The Sky of words, The Cockfight, Bhim Bhoi, Kubj and other poems.
Jayant Mahapatra is the first Indian Poet to win Sahitya Academy Award for English poetry. He is a part of trio of poets like- Jayant Mahapatra, A.K Ramanujan and R. Parthasarathy. His contribution to Odia and English literature is immortal and praiseworthy. He was awarded with Padma Shri. His poems, prose pieces, short stories are unique. He is the editor of a magazine named Chandrabhaga. He is a prominent Indian writer in English. He was awarded with Jacob Glatstin Memorial award,Allen Tete poetry Prize, the SAARC Literary Award, Tata Literature Lifetime Achievement Award etc. His poems are – Close the Sky Ten by Ten, Swayambar and

other poems, A Father's Hours, Waiting, The False Start, Relationship, Collected poems etc. His Odia poems are – Bali, Baya Raja, Chali, Tikie Chhayee etc.

Both Sitakant Mahapatra and Jayant Mahapatra have wide contribution to English Literature. They write on various issues, subjects and themes. On rustic life, both the poets have written many poems. They explore different details of village life, villagers and their way of living ,thinking and behaving. As India is a country of villages and village life is background of urban and modern life, we like to study their poems for information, uniqueness, connection and originality.

Review of Literature:-

The findings of some studies are as follows :

Das (2001) studied on Jayant Mahapatra's poems. His objective of the study was to find out the meaning and philosophical approaches.

Jha (2008) Studied the themes and imagery of the poetry of Jayant Mahpatra.

Maharana (2014) Conducted a research on his contribution to English literature. The main conclusion was to discuss the details of his writings in English for English literature.

Mitra (2011) Studied on poetry of Jayant Mahapatra in connection to imagery and experimental identity.

Nair (2013) Studied on Jayant Mahapatra's contribution to Odia literature in particular.

Panda (1998) Studied on Sitakant's philosophical approaches. The main objectives of the study was to find out his philosophical approaches in his poems.

Sahoo (2006) Studied on Sitakant Mahapatra's contribution to Odia literature. The main conclusion of the study was to analyze the details of his writings in Odia language.

Swarnkar(2007) Studied on Jayant Mahapatra's selected poems on ecological aspects. The main objective was to study ecological link with his poems.

Tamboli (2009) Conducted a research on themes and imagery of the poetry of Sitakant Mahapatra.

Regarding rustic life aspects, no study is found on poems of Sitakant Mahapatra and Jayant Mahapatra. The researcher wants to anylise rustic life aspects in some selected poems of Sitakant Mahapatra and Jayant Mahapatra.

Importance of the study :-

The above-mentioned analytical study shows the justification of the present research. No study is done to find out the rustic life and remote life elements in some selected poems of Sitakant Mahapatra and Jayant Mahapatra. While writing a poem, a poet consciously or unconsc-iously incorporates one or many ideas or themes. It shows the commitment and his role to change the society constructively. Both Sitakant Mahapatra and Jayant Mahapatra are no exception in this regard.

आधुनिक समय में मूल्य-संक्रमण

डॉ. प्रमोद कुमार
हिंदी विभाग,
सरिया कॉलेज, सरिया, गिरिडीह (झारखण्ड)- 825320
ईमेल- pramodkumarprince413@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 7870296211

सारांश :

'मूल्य' वर्तमान समय का बहुचर्चित शब्द है। यह शब्द दर्शनशास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान आदि से सम्बद्ध होने के कारण अनेकार्थी हो गया है। आधुनिक संस्तुति के संकट ने जिस नए भावबोध को जन्म दिया है उसका मूल्यांकन संवेदना, आधुनिक जीवन और बदलते मूल्य के संदर्भ में आवश्यक है। सामान्यतः मूल्य-प्रणाली की पृष्ठभूमि में मूल्य-परिवर्तन, मूल्य-विघटन, मूल्य-संकट, मूल्य-संक्रमण आदि शब्दों का काफी प्रयोग मिलता है। इन सभी में सूक्ष्म भेद तो है पर वे एक ही अर्थ के द्योतक हैं और वह है- मूल्यों में बदलाव। इनमें से अपेक्षाकृत मूल्य-संक्रमण शब्द कुछ भिन्न अर्थ में प्रयुक्त होता है। यह 'मूल्य-संक्रमण' मूल्य-परिवर्तन व नवीन मूल्यों के स्थिरीकरण के बीच की वह स्थिति होती है, जब मनुष्य के लिए पुराने मूल्य नये युग के संदर्भ में अनुचित लगने लगते हैं और नये मूल्य भी स्थापित नहीं हो पाते। परिवर्तन रूपी इस चक्र के कारण ही मूल्य-संक्रमण की स्थिति और नवीन मूल्यों के उद्भावना की स्थिति उत्पन्न होती है। इस शोध-आलेख में आधुनिकता के आलोक में मूल्य-संक्रमण के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला जा रहा है।

बीज शब्द : मूल्य, संक्रमण, परिवर्तन, संकट, विघटन, आधुनिक, जीवन, युग, धारणा, साहित्य, संस्कृति

मूल आलेख :

'मूल्य' चिंतन, विचार और धारणा की उपज है जो मनुष्य तथा उसके जीवन को अर्थवान बनाता है। परिस्थितियों के अनुसार मूल्यों में परिवर्तन स्वाभाविक है। प्राचीन युग में मनुष्य जिन परिस्थितियों में जी रहे थे उसी के अनुरूप मूल्यों की स्थापना की। परन्तु आज के इस संक्रमण युग में स्वतंत्र भारत पश्चिमी सभ्यता से प्रभावित है जिससे मूल्य में टकराव और विघटन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। समस्याओं व संकट के इस युग में मनुष्य का तीव्र भौतिक विकास तो हो रहा है पर मूल्यों का संरक्षण नहीं हो पा रहा है। उल्लेखित है कि मूल्य-संकट, मूल्य-विघटन, मूल्य-परिवर्तन, और मूल्य-संक्रमण सूक्ष्म भेद के साथ ही एक-दूसरे के पर्याय हैं। इन संकल्पनाओं में जो सूक्ष्म अर्थ-भेद है उसे स्पष्ट करना आवश्यक है।

मूल्य-संकट- 'मूल्य-संकट' मूल्यों पर मंडरा रहे खतरे की ओर संकेत करता है। आधुनिक युग में मूल्यों में ह्रास होने से मूल्यहीनता की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे कई विसंगतियां उभरकर सामने आ रही हैं। इस संबंध में कहा भी गया है कि "जब किसी युग और समाज में अन्यान्य कारणों से मूल्यों के प्रति अनास्था निर्माण हो जाती है, तो पुराने मूल्य तो टूटकर बिखर जाते हैं और आस्थाहीन समाज नए मूल्यों को भी सहजता से नहीं अपना पाता। तब मूल्य में संकट की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।"[1] इस प्रकार मूल्य-संकट से उत्पन्न परिस्थितियाँ मनुष्य के मूल्य-बोध को प्रभावित करती हैं।

मूल्य-विघटन- 'विघटन' शब्द संगठन का विपर्यय है। मूल्य एक प्रकार की धारणा है और धारणा को बने रहना संगठन कहलाता है। जब किसी वस्तु, भाव या विचार के प्रति एक से अधिक धारणाएं बन जाती हैं तो मत भिन्नता के कारण विघटन की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। परिणामस्वरूप समाज, धर्म, अर्थ, नीति, दर्शन, राजनीति आदि के संबंध में नयी-नयी मान्यताओं का उदय होने से प्रतिष्ठित सांस्कृतिक मूल्यों का विघटन होने लगता है। डॉ. नगेंद्र के अनुसार "विघटन का अर्थ है अस्वीकृति तथा निषेध- अर्थात् प्रकारांतर से एक और सत्य, शिव और सुंदर की धारणा और दूसरी ओर सद्-सत, शुभारंभ व सुंदर-असुंदर का निर्णय करने वाले तत्वों अथवा प्रतिमानों का निषेध।"[2] विघटन की इस प्रक्रिया में पूर्व-प्रतिष्ठित मूल्य समाज से पूरी तरह बहिष्कृत नहीं होते, बल्कि पुरातन मूल्य ही अपना रूप बदलकर एक नए रूप में प्रतिष्ठित होते हैं।

मूल्य-परिवर्तन- 'परिवर्तन' सृष्टि का नियम है जिसे बदलाव या किसी भी प्रकार के अंतर का सूचक कहा जा सकता है। इस संदर्भ में कह सकते हैं कि जब किसी वस्तु की पूर्व अवस्था में बदलाव और वर्तमान अवस्था में कोई अंतर आ जाए तो वह परिवर्तन कहलाता है। इन्हीं नियमों से मूल्यों में होने वाला परिवर्तन मूल्य-परिवर्तन है। डॉ. भैंरू लाल गर्ग ने कहा है कि "परिवर्तन से तात्पर्य यह नहीं कि वह विकासात्मक प्रक्रिया ही हो। किसी वस्तु में पहले की अपेक्षा विकास होता है अथवा गिरावट आती है, किंतु उसके स्वरूप में अंतर अवश्य आता है, अतः इन दोनों प्रक्रियाओं को हम परिवर्तन ही कहेंगे।"[3]

मूल्य-संक्रमण- भिन्न अर्थ में प्रयुक्त 'मूल्य-संक्रमण' मूल्य-परिवर्तन और नवीन मूल्य के स्थिरीकरण के बीच की वह स्थिति है जिसमें पुराने मूल्य नये युग के संदर्भ में अनुचित प्रतीत होते हैं और नवीन मूल्य भी स्थापित नहीं हो पाते। युग विशेष समाज में प्रचलित मूल्यों के प्रति जब लोगों में अनास्था के भाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है तो विद्यमान मूल्यों में टूटन और बिखराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। हालांकि आस्थाहीन स्थिति में नवीन मूल्य सहज रूप से स्वीकारे नहीं जाते। यही स्थिति मूल्य-संक्रमण है। हालाँकि मूल्य-संक्रमण से समाज में मूल्य में बदलाव आने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। डॉ. रामगोपाल सिंह ने लिखा है- "माना कि पुरानी आस्थाएँ टूट रही हैं, लेकिन नई आस्थाओं के निर्माण की अनिवार्यता का महत्व भी अपनी जगह पर है। आस्था ही तो वह जड़ है जिससे मनुष्य अपने जीवन के वृक्ष में हर पतझड़ के बाद नई बाहर लाता है। पुरानी आस्थाएँ मिट रही हैं नई आस्थाएँ जन्म ले रही हैं।"[4] इन बदलती आस्थाओं-विश्वासों के समान गति से मूल्यों में भी परिवर्तन होने शुरू हो जाते हैं। पूर्व में स्थापित मूल्यों के स्थान पर नई आस्थाओं व मूल्यों की निकटता मूल्य-संक्रमण का बोध कराता है। मानवीय व सामाजिक चेतना के संसर्ग से स्थापित नवीन मूल्यों को स्थाई स्वीकृति मिलने से पूर्व की स्थिति संक्रमण काल कहलाता है।

मानव-बौद्धिकता की वैचारिक अभिव्यंजना के आधार पर ही मूल्यों का उत्थान और पतन होता है। मनुष्य की प्रवृत्तियों के साथ मूल्यों का निर्माण, चयन, ग्रहण, वर्जन, त्याग एवं स्थापना होती है। मानव जीवन में मूल्य सुनिश्चित नहीं है। प्रतिकूल परिस्थितियों में मूल्यों में बदलाव व मूल्य संक्रमण की संभावना हर क्षण बनी रहती है क्योंकि मानव-जीवन में मूल्य सुनिश्चित नहीं होते। धर्म, संस्कृति, विचारधाराएँ, भाषा, आचरण-व्यवहार आदि मूल्य परिवर्तन के अनेक कारण हैं। वहीं मूल्य-संक्रमण मूल्यों की उत्पत्ति और विघटन के समानांतर चलने वाली प्रक्रिया है। इस मूल्य संक्रमण की प्रक्रिया और परिवर्तन की केंद्रीय शक्ति मानव में ही निहित होती है। डॉ. विजय कुलश्रेष्ठ ने मूल्य-संक्रमण की स्थिति पर विचार करते हुए माना है कि "जीवन की गति के संदर्भ में निरंतर संघर्ष और अंतर्द्वंद्व के कारण मानवीय और सामाजिक मूल्यों में निरंतर परिवर्तन की एक विशिष्ट अंतर्धारा संक्रमण की ओर विकसित होती है।"[5]

वैसे तो मूल्य संक्रमण के कई कारण हो सकते हैं। एक ओर देखा जाए तो समाज में प्रचलित नैतिक व्यवस्था एवं मनुष्य की वर्जितोन्मुखी अंतर्बोध का द्वंद्व, आदर्श और यथार्थ का निरंतर संघर्ष तथा मनुष्य का नवीन खोज के प्रति आकर्षण एवं मनुष्य की बाह्य जीवन-परिस्थितियाँ मूल्य संक्रमण के आधार सिद्ध होते हैं। वहीं मानव-इतिहास से और भी कई कारण सिद्ध होते हैं जैसे- राजनीतिक शक्तियाँ, सामाजिक-सांस्कृतिक परिस्थितियाँ, आर्थिक शक्तियाँ, धार्मिक परिस्थितियाँ, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं वैचारिक दृष्टियाँ आदि। स्पष्ट है कि जीवन-मूल्यों में देश-काल-परिस्थिति की अपेक्षाओं के अनुरूप परिवर्तन-संक्रमण एक अनिवार्य एवं स्वाभाविक प्रक्रिया है। जहाँ युगीन परिस्थितियाँ मूल्य-तंत्र को निर्मित करती हैं, वहीं इनके बदलने से मूल्य संक्रमित और परिवर्तित होते हैं।

मूल्य-संक्रमण व मूल्य-संकट आज सर्वाधिक ज्वलंत समस्या का रूप ले लिया है, जिससे केवल भारत में ही नहीं अपितु संपूर्ण विश्व में अतिवाद का खतरा दिख रहा है। आधुनिक युग में वैज्ञानिक प्रगति और नितनूतन आविष्कारों से मनुष्य भौतिक उन्नति के साथ-साथ अपने जीवन को अत्यधिक संपन्न व सुविधाजनक तो बना लिया है, परंतु जिस तरह उपभोक्तावादी संस्कृति का वर्चस्व बढ़ा है उससे मनुष्य की प्राचीन स्थापनाएँ, मान्यताएँ, विश्वास व आस्थाएँ अत्यधिक प्रभावित हुई हैं। आज के दौर में मनुष्य भौतिक सुखों के भुलावे में अपनी सभ्यता-संस्कृति के श्रेष्ठ तत्वों व संपूर्ण व्यक्तित्व को विकसित करने वाले पारस्परिक मूल्यों से विच्छिन्न हो रहा है। व्यक्ति का आत्म-केंद्रित होने से मानव-मानव के बीच दूरियां बढ़

रही हैं और मानव संस्कृति पर संकट गहराता जा रहा है। इस प्रगति व विकास यात्रा में परंपरागत मूल्यों पर प्रश्न-चिन्ह खड़ा कर उन्हें अस्वीकार तक किया जाने लगा है। धार्मिक-दार्शनिक व सांस्कृतिक-सामाजिक आदि मूल्य नष्ट-भ्रष्ट हो रहे हैं। आधुनिकीकरण के दौर में पढ़े-लिखे लोग भी भौतिक सुख को जीवन का बड़ा मूल्य समझकर अनैतिक कार्य करने लगते हैं जिससे अन्य मूल्यों का हनन होता है। इस परिस्थिति में मूल्योंमुखी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की नितांत आवश्यकता है क्योंकि मूल्यपरक जीवन से ही मानवता की रक्षा की जा सकती है।

निःसंदेह मानव जीवन को गतिशील बनाने में मूल्यों की अहम भूमिका है। एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटेनिका के अनुसार, "जो जीवन को अस्तित्व और गति प्रदान करे, वही मूल्य हैं।"[6] यह सत्य है कि गतिशीलता की इस प्रकिया में कुछ परंपरागत-मूल्य रूढ़िबद्ध होकर अनुपयोगी और निरर्थक हो जाते हैं। इसके बाद नये-नये मूल्यों का उद्भव-विकास होता है। संक्रांतिकाल के दौरान मूल्यों के विघटन से सामाजिक विसंगतियों का प्रभाव समाज के समस्त अंगों-कार्यों पर पड़ता है। इन्हीं स्थापित मूल्यों के स्थान पर नवीन प्रेरणाओं अथवा नयी आस्थाओं के जन्म से संक्रमण का बोध होता है। समाज के इस संक्रमण से साहित्य भी अछूता नहीं है और न ही इसके मूल्य भी स्थिर और बंधे-बँधाए रह पाते। साहित्य हमेशा समाज के अनुकूल ढलता है, साथ ही युग के बदलते क्रम में परिवर्तन व नवीनता को अभिगृहीत करता है। अनेक विचारकों व चिंतकों की विचार-दृष्टियाँ, जीवन-दृष्टियाँ साहित्य में सिद्धांत रूप में प्रतिष्ठित होकर मूल्य बन जाती हैं और जनमानस के चिंतन को अपेक्षित नवीन दिशा प्रदान कर जीवन-मूल्य के संक्रमण का आधार बनती है।

जीवन व समाज में परंपरागत मूल्यों के विघटन एवं नये मूल्यों की स्थापना में साहित्यकारों का विशेष योगदान होता है। मूल्य-संक्रमण को दृष्टि में रखकर हम यहाँ दो प्राचीन महाकाव्य 'रामायण' और 'महाभारत' की चर्चा जरूर करेंगे। ये दोनों महाकाव्य भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है पर मूल्य की दृष्टि से ये एक ही युग में दो विरोधी मूल्यों वाली रचना कही जायेगी, जो मानव-मन में द्वंद की स्थिति उत्पन्न करती है। एक ओर 'महाभारत' मनुष्य को आपसी झगड़ा के लिए प्रेरित करता है वहीं दूसरी ओर 'रामायण' में राज न करने का संघर्ष दिखता है। रामायण में राज न करने की कथा चित्रित है वहीं महाभारत में दूसरे पक्ष को पाँच गाँव भी नहीं देने का संघर्ष चलता है। दोनों महाकाव्य विध्वंसक व मंगलकारी के रूप में मानव को अत्यधिक प्रभावित करता है। चूँकि मनुष्य आशावादी होता है इसलिए वह ऐसे संक्रमण में भी मंगलकारी मार्ग को ही पसंद करता है। समाज अथवा युग-परिवर्तन मूल्य में बदलाव का प्रमुख कारण माना जाता है क्योंकि मूल्यों की स्थापना सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृति, धार्मिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर होता है। समय के साथ कुछ नये मूल्य बनते हैं और कुछ मूल्यों का ह्रास भी होता है। साहित्य हमें मूल्य के प्रति जागरूक करता है। साहित्य एक तरफ नवीन मूल्यों की रचना कर दूषित सामाजिक व्यवस्था के विरुद्ध नवीन व्यवस्था की स्थापना करता है तो दूसरी ओर समाज को निष्क्रिय बनाने वाले मूल्यों का प्रतिकार भी करता है।

यह सत्य है कि मानव जीवन को सम्यक् और सुचारु रूप से परिचालित करने के उद्देश्य से विद्वानों ने जीवन के कुछ मापदण्डों का निर्धारण किया और उन्हीं के आधार पर मूल्य की अवधारणा अस्तित्व में आई। इस दृष्टिकोण से मूल्य का अर्थ मानव जीवन के संदर्भ में ही महत्त्व रखता है। जीवन के अभाव में मूल्य चिन्तन तो दूर की बात है, मूल्य शब्द का अस्तित्व भी सिद्ध नहीं किया जा सकता। स्पष्टतः मूल्य शब्द का आशय मूलतः जीवन-मूल्य अर्थात् जीवन के मापदण्ड से ही है। जीवन की बात आते ही 'जीवन कैसा है' और 'कैसा होना चाहिए' दो पक्ष हमारे सामने आते हैं। कैसा है का सम्बन्ध वर्तमान (यथार्थ) से है और कैसा होना चाहिए का सम्बन्ध भविष्य (आदर्श) से है। जब हम इस पर विचार करते हैं कि 'जीवन कैसा है' तब हमारा सम्बन्ध तथ्य से होता है और जब हम इस पर विचार करते हैं कि जीवन कैसा होना चाहिए तो हमारा सम्बन्ध मूल्य से होता है। डॉ. नगेन्द्र के अनुसार- "मूल्य पदार्थ की सार्थकता एवं आंतरिक महत्त्व का ही वाचक है, उसके स्वरूप या प्रकृति का नहीं।"[7]

